**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग, ई–1, सै0–1, नोएडा।**

**पत्राँकः 4275/35–1 , गौतमबुद्धनगर, दिनाँक 19 जनवरी, 2024।**

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
मा0 राष्ट्रीय हरित.अधिकरण,
नई दिल्ली।

विषयः– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 सं0–630/2023, आनन्द आर्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांकित 20.11.2023।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 संख्या–630/2023, आनन्द आर्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में पारित आदेश दिनांकित 20.11.2023 के अनुपालन में स्टे्टस रिपोर्ट संलग्नकों सहित आपकी सेवा में प्रेषित है।

अतः अनुरोध है कि कृपया स्टे्टस रिपोर्ट को मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के समक्ष अग्रेत्तर निर्देशार्थ/आदेशार्थ प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः**– यथोपरि।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग,
गौतमबुद्धनगर।

**पत्रांक / , दिनांकित**

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मुख्य वन संरक्षक ईको विकास/सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य आर्द्रभूमि प्रधिकरण, लखनऊ।
3. श्री भंवरपाल सिंह जादौन, एडवोकेट, 121, न्यू लॉयर चैम्बर, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली।

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग,
गौतमबुद्धनगर।

**पत्रांक / , दिनांकित**

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य वन संरक्षक, कोर्ट केस, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मुख्य वन संरक्षक, पश्चिमी क्षेत्र, उ0प्र0, मेरठ।
3. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सामाजिक वानिकी, मेरठ वृत्त, मेरठ।

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग,
गौतमबुद्धनगर।

**Status report in O.A. No. 630/2023 Anand Arya V/s Union of India & Ors. in compliance of order dated 20.11.2023 Submitted by Divisional Forest Officer, Gautambudh nagar.**

महोदय,

जनपद गौतमबुद्धनगर के अन्तर्गत यमुना एक्सप्रेसवे, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा के स्वामित्व एवं अधिसूचित क्षेत्र में स्थित धनौरी आर्द्रभूमि स्थल है जिसे रामसर साईट घोषित करने की कार्यवाही प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर (प्रतिवादी संख्या–8) द्वारा पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार का पत्र संख्या F.No 6-22012/23/2014-CS(W) दिनॉक 28/29–5–2019 के अनुपालन में आर्द्रभूमि (संरक्षण एवं प्रबन्धन) नियम 2017 में विर्निष्ट नियमों का अनुपालन करते हुये धनौरी आद्रभूमि को रामसर स्थल घोषित करने हेतु प्रस्ताव उत्तर प्रदेश राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण, लखनऊ प्रेषित किया गया हैं। उक्त संबंध में मा0 न्यायालय द्वारा सुनवाई की तिथि दिनांकित 20–11–2023 को प्रतिवादी द्वारा मा0 न्यायालय के समक्ष स्टेटस रिपोर्ट मय संलग्नको सहित प्रस्तुत की गयी थी। तत्क्रम में माननीय न्यायालय द्वारा सुनवाई की नियत दिनांकित 22–01–2024 को धनौरी आर्द्रभूमि को रामसर साईट घोषित किये जाने की वर्तमान स्थिति की स्टेटस रिपोर्ट माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया है। आदेश के अनुपालन में स्टेटस रिपोर्ट निम्नवत है:–

1. मा0 एन0जी0टी0 द्वारा पारित आदेश दिनांकित 20–11–2023 के अनुपालन में धनौरी वेटलैण्ड का मैप/नेशनल वेटलैण्ड इनवेन्टरी एण्ड असिसमेन्ट संलग्न है **(संलग्नक–1)**, जिसे प्रतिवादी के कार्यालय के पत्र सं0–2418/35–1, दिनांक 02–12–2023 **(संलग्नक–2)** एवं प्रतिवादी के कार्यालय के पत्र सं0–3052/35–1, दिनांक 08–01–2024 **(संलग्नक–3)** द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित किया गया है कि वेटलैण्ड का क्षेत्रफल राष्ट्रीय आर्द्रभूमि सूची एवं मुल्यांकन/मैप में दर्ज वेटलैण्ड का एरिया 97.97 हेक्टेयर के अनुसार संशोधित कराने का कष्ट करें ताकि मा0 न्यायालय के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत कर प्रकरण का निस्तारण कराया जा सके, परन्तु उक्त रिपोर्ट वर्तमान तक प्रतिवादी को अप्राप्त

है। मा0 एन0जी0टी0 के आदेश के क्रम में यमुना एक्सप्रेसवे, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा द्वारा अपना पक्ष सीधे मा0 न्यायालय में रखना हैं।

प्रतिवादी द्वारा सक्षम स्तर को भेजे गये पत्रों के आलोक में सदस्य सचिव (उ0प्र0 राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण, लखनऊ) द्वारा कार्यालय पत्रांक–85/A/26–11(UPSWA)–27 /2019, दिनांक 20–10–2023 द्वारा अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सम्बोधित है तथा प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ तथा वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सामाजिक वानिकी, मेरठ वृत्त, मेरठ एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा सिटी, जनपद गौतमबुद्धनगर को पृष्ठांकित है, जिसमें धनौरी वेटलैण्ड को रामसर साइट घोषित कराने हेतु प्रस्तावक विभाग की स्थिति स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया है, पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि.......

- वेटलैण्ड को रामसर साइट घोषित कराये जाने की स्थिति में यह भी निर्णय लिया जाना होगा कि किस विभाग/स्टेकहोल्डर द्वारा इसका प्रस्ताव प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जायेगी। उचित होगा कि प्रश्नगतं प्रकरण में धनौरी वेटलैण्ड में यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की स्टेकहोल्डर के रूप में महत्तम भूमि सम्मिलित है। अतः धनौरी वेटलैण्ड को रामसर साइट घोषित कराने हेतु प्रस्तावक विभाग के रूप में नामित करने पर विचार किया जा सकता है।
- तदोपरान्त धनौरी वेटलैण्ड के समेकित प्रबन्धन के लिये राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग/यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित ग्राम सभाओं/ समस्त स्टेकहोल्डर्स के साथ प्रस्तावक विभाग के नेतृत्व में संयुक्त बैठक कराकर बैठक में लिये गये निर्णय की स्थिति के अनुसार प्रश्नगत वेटलैण्ड को रामसर साइट घोषित कराने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना विधिसम्मत एवं समीचीन होगा।

अतः रामसर साइट घोषित कराने हेतु प्रस्तावक विभाग द्वारा RSIS को Compile कराकर रामसर प्रस्ताव अपलोड करने हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, वेटलैण्ट डिवीज़न, भारत सरकार से प्रस्तावक विभाग को ऑनलाइन अकाउण्ट खोलंने हेतु यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड निर्गत करने की कार्यवाही हो सके। उक्त कार्यवाही शासन, उत्तर प्रदेश राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण, लखनऊ, मुख्य

कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा सिटी, जनपद गौतमबुद्धनगर के स्तर पर प्रचलित है।

तदोपरांत उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 1309/81–4–2023 पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–4, लखनऊ दिनांक 30–11–2023 **(संलग्न–4)** जो प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 लखनऊ एंव मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास/सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश, राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण, लखनऊ को सम्बोधित है, में उल्लेख किया गया है कि... महायोजना 2031 के अनुसार धनौरी वेटलैण्ड का क्षेत्रफल 16.89 है0 तथा इस वेटलैण्ड के चारो ओर लगभग 38.80 हे0 क्षेत्र ग्रीन बेल्ट के रूप में नियोजित है। प्राधिकरण द्वारा सेक्टर–16 के आवासीय भू–उपयोग के अन्तर्गत आवासीय भूखण्डो का नियोजन कर स्कीम के माध्यम से भूखण्डो का आवंटन किया जा चुका है। ऐसी स्थिति में धनौरी वेटलैण्ड को रामसर साईट घोषित किये जाने के कथित प्रस्ताव के साथ संलग्न मानचित्र में दर्शायी गयी धनौरी वेटलैण्ड की बाउण्ड्री को प्राधिकरण के सेक्टर–16 के ले आउट से टेंटेटिव सुपर इम्पोज करने पर यह तथ्य सामने कि प्रस्तावित धनौरी वेटलैण्ड की बाउण्ड्री से सेक्टर–16 में नियोजित व आवंटित उपरोक्त आवासीय भूखण्ड प्रभावित हो रहे है, जिस कारण उक्त स्थल को रामसर साईट हेतु दर्शित बाउण्ड्री के संबंध में अनापत्ति प्रदान नही की जा सकती। उक्त के अतिरिक्त धनौरी वेटलैण्ड से संबंधित प्रकरण 630/2023 आनंद आर्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया मा0 एन0जी0टी0 के समक्ष विचाराधीन है।

**संलग्नकः यथोपरि**

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग,
गौतमबुद्धनगर।

सलग्नक - 01 व 02

dfonoida@gmail.com

ई–मेल के माध्यम से

**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग, ई–1, सै0–1, नौएडा।**

पत्रांक: 2418 /35–1, दिनॉक गौतमबुद्धनगर 02 –12–2023।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी
यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
ग्रेटर नोएड़ा

विषयः– मा0राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 संख्या 630/2023 श्री आनन्द आर्या बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– मा0राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली का पारित आदेश दिनॉक 20–11–2023।

महोदय,

कृपया उक्त आदेश का अवलोकन करने का कष्ट करें। मा0राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा धनौरी वैटलेण्ड क्षेत्रफल पर आपत्ति की गयी है, राष्ट्रीय आर्द्रभूमि सूची एवं मूल्यांकन (national wetland inventory and assessment) के बिन्दु संख्या 17173 एवं 17174 पर दर्ज वैटलेण्ड क्षेत्र का एरिया 97.97 हैक्टेयर आ रहा है।

तदनुसार इसको संशोधित करने के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित करने की कृपा करें, ताकि मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर प्रकरण का निस्तारण कराया जा सकें।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग,
गौतमबुद्धनगर

पत्रॉक 2418 /दिनॉकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1:– प्रधान मुख्य वन संरक्षक महोदय, वन्य जीव उ0प्र0लखनऊ।

2:– मुख्य वन संरक्षक ईको विकास/सदस्य सचिव उ0प्र0राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण लखनऊ।

3:– श्री भवरपाल सिंह जादोन एड़वोकेट, 121 न्यू लायर चैम्बर सुप्रीम कोर्ट ऑफ इण्डिया नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग,
गौतमबुद्धनगर

पत्रॉक 2418 /दिनॉकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1:– मुख्य वन संरक्षक कोर्ट केस उ0प्र0लखनऊ।

2:– मुख्य वन संरक्षक पश्चिमी क्षेत्र उ0प्र0मेरठ।

3:– वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक सामाजिक वानिकी मेरठ वृत्त मेरठ ।

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग,
गौतमबुद्धनगर

संलग्नक - 01|02

# NATIONAL WETLAND INVENTORY AND ASSESSMENT

The National level wetland inventory was carried out by SAC, Ahmedabad using multi-date IRS-LISS-III Data of 2006-07 timeframe on 1:50,000 scale under project "National Wetland Inventory and Assessment (NWIA)" funded by MoEF&CC. The mapping was carried in collaboration with State Remote Sensing Applications Centres and Academic Institutes.

The country level geodatabase of NWIA06-07 has been hosted on SAC web portal (http://www.vedas.sac.gov.in) for viewing purpose. Wetland atlases (.pdf format) are also hosted on the web portal.

The inventory of wetlands (State-wise/sorted on State code), State code and description are given below. The total wetlands (>2.25 ha) are 2,01,503 including rivers/streams. This list comprise details of 1,75,740 wetlands. Rivers/streams (~25,763 polygons) are not included in the list.


The State code of wetlands at S.No. 175739 and 175740 shall be read as 05 instead of 53.

संलग्नक - 01/03

## NWIA : State codes used for GIS database creation

| State-code | Name of State/UT* |
|---|---|
| 01 | Jammu & Kashmir |
| 02 | Himachal Pradesh |
| 03 | Punjab |
| 04 | Chandigarh * |
| 05 | Uttaranchal |
| 06 | Haryana |
| 07 | Delhi * |
| 08 | Rajasthan |
| 09 | Uttar Pradesh |
| 10 | Bihar |
| 11 | Sikkim |
| 12 | Arunachal Pradesh |
| 13 | Nagaland |
| 14 | Manipur |
| 15 | Mizoram |
| 16 | Tripura |
| 17 | Meghalaya |
| 18 | Assam |
| 19 | West Bengal |
| 20 | Jharkhand |
| 21 | Orissa |
| 22 | Chhatisgarh |
| 23 | Madhya Pradesh |
| 24 | Gujarat |
| 25 | Daman & Diu * |
| 26 | Dadra & Nagar Haveli * |
| 27 | Maharashtra |
| 28 | Andhra Pradesh |
| 29 | Karnataka |
| 30 | Goa |
| 31 | Lakshadweep * |
| 32 | Kerala |
| 33 | Tamil Nadu |
| 34 | Pondicherry * |
| 35 | Andaman & Nicobar Islands * |

Note: * Signifies union territories


Untitled Map
Write a description for your map.
Legend
28.33709N 77.61808E
Charan Singh Tea Stall
Dhanauri Wetlands
Sarus Crane Sanctuary
Thasrana
Dhanauri Wetlands
28.33715N 77.61217E
Sarus Crane Sanctuary
Google Earth
Image © 2024 Maxar Technologies
400 m
N


Untitled Map
Write a description for your map.
Legend
28.33709N 77.61808E
Charan Singh Tea Stall
Dhanauri Wetlands
Sarus Crane Sanctuary
Thasrana
Charan Singh Tea Stall
Dhanauri Wetlands
28.33709N 77.61808E
Thasrana
Sarus Crane Sanctuary
Google Earth
Image © 2024 Maxar Technologies
500 m
N

संलग्नक - 03

dfonoida@gmail.com
ई–मेल के माध्यम से

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग, ई–1, सै0–1, नौएडा।
पत्रांकः 3052 /35–1, दिनॉक गौतमबुद्धनगर 08 –01–2024।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी
यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
ग्रेटर नोएड़ा

विषयः– मा0राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 संख्या 630/2023 श्री आनन्द आर्या बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– मा0राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली का पारित आदेश दिनॉक 20–11–2023।
इस कार्यालय का पत्रॉक 2418/35–1 दिनॉक 02–12–2023।

महोदय,

कृपया मा0राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा धनौरी वैटलेण्ड पर पारित आदेश के कम में उक्त पत्र द्वारा अवगत कराया गया था कि राष्ट्रीय आर्द्रभूमि सूची एवं मूल्यांकन (national wetland inventory and assessment) के बिन्दु संख्या 17173 एवं 17174 पर दर्ज वैटलेण्ड क्षेत्र का एरिया 97.97 हैक्टेयर आ रहा है, परन्तु सूचना वर्तमान दिवस तक अप्राप्त है।

तद्नुसार इसको संशोधित करने के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित करने की कृपा करें, ताकि मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर प्रकरण का निस्तारण कराया जा सकें। उक्त वाद में मा0न्यायालय में अग्रिम तिथि 22–01–2024 निर्धारित है। आपका व्यक्तिगत ध्यान आकर्षित है।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग,
गौतमबुद्धनगर

पत्रॉक 3052 /दिनॉकित।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1:– प्रधान मुख्य वन संरक्षक महोदय, वन्य जीव उ0प्र0लखनऊ।
2:– मुख्य वन संरक्षक ईको विकास/सदस्य सचिव उ0प्र0राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण लखनऊ।
3:– श्री भवरपाल सिंह जादोन एडवोकेट, 121 न्यू लायर चैम्बर सुप्रीम कोर्ट ऑफ इण्डिया नई दिल्ली को सूचनार्थ ए आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग,
गौतमबुद्धनगर

पत्रॉक 3052 /दिनॉकित।
प्रतिलिपि जिलाधिकारी,गौतमबुद्धनगर महोदय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग,
गौतमबुद्धनगर

पत्रॉक 3052 /दिनॉकित।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1:– मुख्य वन संरक्षक कोर्ट केस उ0प्र0लखनऊ।
2:– मुख्य वन संरक्षक पश्चिमी क्षेत्र उ0प्र0मेरठ।
3:– वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक सामाजिक वानिकी मेरठ वृत्त मेरठ ।

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग,
गौतमबुद्धनगर

संलग्नक (04)

https://sad.upeoffice.gov.in/eFile/?x=BGBRSfIlVtlpUbmPuKVjR...



File No.81-4099/232/2023-04 ,

1436772/2023

संख्या-1309/81-4-2023

प्रेषक

ओम प्रकाश,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ०प्र०, लखनऊ।

2- मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास/सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण, लखनऊ।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक 30 नवम्बर 2023

विषय:- यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर-16 में स्थित धनौरी जल निकाय के रामसर साईट घोषित किये जाने के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास/सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण के पत्र संख्या-85/ए/26-11(यू0पी0 SWA)-27/2019 दिनांक 20.10.2023 का कृपया सदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- अतः इस सम्बन्ध अवगत कराना है कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेस-वे आद्योगिक विकास प्राधिकरण के पत्र दिनांक 09.06.2022 में उल्लेख किया गया है कि धनौरी वेटलैण्ड उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अनुमोदित महायोजना-2031 के सेक्टर-16 के अन्तर्गत पडता है। महायोजना-2031 के अनुसार धनौरी वेटलैण्ड का क्षेत्र 16.89 हे0 तथा इस वेटलैण्ड के चारो ओर लगभग 38.80 हे0 क्षेत्र ग्रीन बेल्ट के रूप में नियोजित है। प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-16 के आवासीय भू- उपयोग के अन्तर्गत आवासीय भूखण्डो का नियोजन कर स्कीम के माध्यम से भूखण्डो का आवंटन किया जा चुका है। ऐसी स्थिति में धनौरी वेटलैण्ड को रामसर साइट घोषित किये जाने के कतिथ प्रस्ताव के साथ संलग्न मानचित्र में दर्शायी गयी धनौरी वेटलैण्ड की वाउन्ड्री को प्राधिकरण के सेक्टर-16 के ले-आउट से टेन्टेटिव सूपर इम्पोज करने पर यह तथ्य सामने कि प्रस्तावित धनौरी वेटलैण्ड की वाउण्ड्री से सेक्टर-16 में नियोजित व आवंटित उपरोक्त आवासीय भू-खण्ड प्रभावित हो रहे है, जिस कारण उक्त स्थल को रामसर साइट हेतु दर्शित बाउण्ड्री के सम्बन्ध में अनापित्त प्रदान नही की जा सकती है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि धनौरी वेटलैण्ड से सम्बन्धित एक प्रकरण संख्या-630/223 आनन्द आर्या बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया मा0 एन0जी0टी0 के समक्ष विचाराधीन है।

3- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त वर्णित वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए मा0 एन0जी0टी0 के समक्ष विचाराधीन ओ0ए0 संख्या-630/223 आनन्द आर्या बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराते हुए अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करे।

Digitally Signed by ओम प्रकाश
Date: 29-11-2023 16:24:36
Reason: Approved

भवदीय
(ओम प्रकाश)
अनु सचिव

[handwritten initials] 30/11/23